हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–133 : जौनपुर, सोमवार 23 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मेट्रो परियोजनाओं में सहयोग करेगा जर्मनी : राजदूत ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को उनके सरकारी आवास पर भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर भारत और जर्मनी के बीच मजबूत आर्थिक संबंधों की चर्चा करते हुए उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को लेकर सार्थक विचार–विमर्श हुआ। उत्तर प्रदेश में जर्मन राजदूत का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 500 से अधिक वर्षों के व्यापारिक इतिहास के साथ भारत तथा जर्मनी आर्थिक सहयोग के समान अतीत से जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में दोनों देशों के बीच पारस्परिक संबंध नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश की कुल जीडीपी में 8 प्रतिशत की हिस्सेदारी करता है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के चौथे सबसे बड़े राज्य के रूप में तथा भारत में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेशकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। प्रदेश में बेहतर कानून–व्यवस्था, पर्याप्त और निर्बाध बिजली, विशाल लैंड बैंक की उपलब्धता उद्योगों के लिए उत्साहजनक है। हमारी उद्योग अनुकूल नीतियों से प्रदेश का व्यवसायिक–औद्योगिक माहौल बदला है। सिंगल विंडो प्रणाली सहित उद्योग जगत की जरूरतों के अनुसार 25 सेक्टोरल पॉलिसीज तैयार की गई हैं। राज्य सरकार प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप औद्योगिक विकास के लिए उद्यमियों को सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने को तत्पर है। औद्योगिक विकास के लिए उत्तर प्रदेश में सभी जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हैं। उत्तर प्रदेश में आज एक्सप्रेस वे प्रदेश बन रहा है। बहुत जल्द यह 5 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला राज्य होगा। हल्दिया से वाराणसी तक पहला इनलैंड वाटर वे उत्तर प्रदेश में ही है। यहां पर डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर तथा वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर उत्तर प्रदेश से गुजरते हैं। राज्य में दादरी तथा बोराकी में मल्टीमोडल लॉजिस्टिक व ट्रांसपोर्ट हब की स्थापना की जा रही है। जर्मनी की कंपनियों को यहां अनुकूल माहौल प्राप्त होगा। गौतम बुद्ध नगर में जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास ही हम भव्य फिल्म सिटी की स्थापना कर रहे हैं। यहीं मेडिकल डिवाइस पार्क और फिन–टेक सिटी का विकास हो रहा है। यहां निवेशकों के लिए असीम संभावनाएं हैं। इंवेस्टर्स समिट में प्रदर्शित होंगे असीम अवसर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार आगामी 10 से 12 फरवरी तक प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। इस समिट के माध्यम से हम उत्तर प्रदेश में व्यापार के असीम अवसरों को प्रदर्शित करेंगे तथा भारत की प्रगति यात्रा में हमारे साथ सहयोग करने के लिए वैश्विक व्यापारिक समुदाय को एक उत्कृ



ष्ट मंच उपलब्ध कराएंगे। इस फ्लैगशिप इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से हम निवेशक समुदाय के बीच उत्तर प्रदेश के निवेश आकर्षण और राज्य के समेकित विकास हेतु अवसरों को सृजित करने की आकांक्षा रखते हैं। जर्मन राजदूत बोले, मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है भारत वार्ता के दौरान राजदूत फिलिप ने कहा कि जर्मनी और भारत के बीच मजबूत आर्थिक संबंध हैं। वैज्ञानिक और सामाजिक विनिमय, जलवायु,पर्यावरण, सतत विकास और ऊर्जा जैसे अनेक क्षेत्रों में हम साथ मिलकर काम कर रहे हैं। राजदूत फिलिप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। बीते छह वर्षों में उत्तर प्रदेश में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। बेहतर कानून–व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है। इंफ्रास्ट्रक्चर डिवलेपमेंट के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ है। एयरपोर्ट, एक्सप्रेस–वे, वॉटर वे और मेट्रो सहित परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाने के सभी प्रयास किये जा रहे हैं। जर्मन राजदूत ने कहा कि वृहद पौधारोपण, सिंगल यूज पॉलीथिन पर रोक और नदी पुनर्जीवन जैसे प्रयासों के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण और इको सिस्टम को बेहतर करने में बड़ी भूमिका निभाई है। जर्मनी इन प्रयासों की सराहना करता है। उत्तर प्रदेश के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पारस्परिक सहयोग बढाने पर चर्चा करते हुए राजदूत फिलिप ने कहा कि जर्मनी उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित मेट्रो लाइट परियोजनाओं में सहयोग करने को तैयार है। जर्मनी इस महत्वपूर्ण परिवहन परियोजना में अपना तकनीकी विशेषज्ञों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएगा। उत्तर प्रदेश के शैक्षिक परिदृश्य की सराहना करते हुए जर्मन राजदूत ने कहा कि वर्तमान में आईआईटी कानपुर और एमएमएमयूटी गोरखपुर के साथ जर्मनी के संस्थान शोध, अनुसंधान और प्रशिक्षण में सहयोग कर रहे हैं। इंडो–जर्मन साइंटिस्ट काउंसिल, उत्तर प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों के साथ कार्य करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। निकट भविष्य में इसके अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। राजदूत फिलिप ने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ हम कई क्षेत्रों में अच्छे सहयोगी की भूमिका में हैं। आगामी फरवरी में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में जर्मनी के अनेक उद्योग समूह उत्तर प्रदेश आने को इच्छुक हैं। यह समिट दोनों देशों के पारस्परिक संबंधों को और मजबूत करने वाला होगा।

## मध्यप्रदेश के रीवा जिले में डायमंड होमियो अवार्ड से सम्मानित हुए जौनपुर के डॉ सी. पी. मिश्रा

सुजानगंज,जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : मध्यप्रदेश के रीवा जिले में किरण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित डायमंड होमियो अवार्ड 2023 में जनपद जौनपुर के सुजानगंज, बरईपार क्षेत्र के आयर गांव निवासी डॉ सी पी मिश्रा पुत्र श्री जगदम्बा प्रसाद मिश्र को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया । सी पी मिश्रा जी राजकीय एस डी जे एच मेडिकल कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर पद पे कार्यरत हैं । यह पुरस्कार उनके चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए दिया गया । किरण सेवा संस्थान द्वारा कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम सिरमौर रीवा मध्यप्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक नागेंद्र सिंह, आयुष विभाग के सचिव पंकज शर्मा, होमियोपैथिक मेडिसीन बोर्ड मध्यप्रदेश की रजिस्ट्रार डॉ आयशाअली उपस्थिति रहे । किरण सेवा संस्थान के सचिव डॉ अभय मिश्र द्वारा डायमंड होमियोअवार्ड व सम्मान पत्र देकर सम्मानित



किया गया। इस कार्यकर्म में 21 राज्यों के चिकित्सको को सम्मानित किया गया। डॉक्टर सी पी मिश्रा को इस सम्मान से सम्मानित होने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई । अनिल पांडेय,सुनील पांडेय सुजीत सिंह,प्रदीप यादव, अफ्रीका के जाम्बिया देश से पत्रकार जय प्रकाश तिवारी आदि ने दूरभाष के माध्यम से डॉ मिश्रा को बधाई देकर खुशी व्यक्त की।

## मुख्य विकास अधिकारी ने यू0पी0 दिवस 24 जनवरी की तैयारियों को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जौनपुर सू.वि. : शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम की अध्यक्षता में मा० काशीराम सामुदायिक भवन में 24–26 जनवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय यूपी दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश दिवस 24 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष यूपी दिवस निवेश–रोजगार की थीम पर आयोजित होगा। यूपी दिवस में जनपद के गौरवशाली इतिहास एवं स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन से जुड़े शहीद स्मारको एवं स्थलों पर आधारित अभिलेख एवं चित्रों के प्रदर्शन के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जनपद की महान विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यक्रम में आजादी की गाथाओं पर आधारित नाटक या नृत्य नाटिकाओं एवं समृद्धशाली संस्कृति को प्रदर्शरित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी कराया जाए। जिला विकास अधिकारी बी०बी० सिंह ने बताया कि मा० मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा यू०पी० दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में वीडियो कांफ्रेंसिंग कर आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में सभी विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं पर



प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। ओडीओपी सहित लाभार्थीपरक योजनाओं के स्टॉल लगाकर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के शहीद स्मारकों, पर्यटन स्थलों पर आधारित फोटोग्राफी एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं, युवा वर्ग की भागादारी से आयोजित किये जाएंगे। यूपी दिवस के आयोजन में ओडीओपी, खादी ग्रामोद्योग कृषि विभाग, उद्योग विभाग, पर्यटन विभाग द्वारा टूरिज्म एवं इकोटूरिज्म पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, पंचायती राज विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया जाएगा, शिक्षा, ग्राम्य विकास, समाज कल्याण सहित अन्य विकास परक विभागों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन कर योजनाओं के बारे में लोगो को जन जागरूक किया जाएगा।

## गणतन्त्र दिवस के अवसर पर 05 किमी0 क्रास कन्ट्री रेस का इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 26 जनवरी 2023 को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के तत्वावधान में पुरूष वर्ग की 05 किमी0 क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन प्रातः 7.00 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग का खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकता है, प्रविष्टि निःशुल्क है। प्रतियोगिता में प्रथम छः स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। इच्छुक खिलाड़ी अपने नाम की प्रविष्टि 23 से 25 जनवरी 2023 तक प्रशिक्षण अवधि में जिला खेल कार्यालय, इन्दिरा गांधी स्पोट्स स्टेडियम में उपस्थित होकर कृष्ण कुमार यादव, पूर्व चैम्पियन एथलीट से सम्पर्क कर अपनी प्रविष्टि करा सकते हैं। खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 फुटबाल संघ के समन्वय से जी–20 प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर कुश्ती बालक प्रतियोगिता का आयोजन 07 से 09 फरवरी, 2023 तक आगरा में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर के इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में जूनियर कुश्ती बालक का जनपदीय चयन परीक्षण दिनांक 24.01.2023 को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। चयन परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की आयु 18–20 वर्ष के मध्य हो, अर्थात अण्डर–20 होनी चाहिए जबकि 2006 में जन्मे बालक खिलाड़ी (अण्डर–20) चिकित्सा और माता पिता के प्रमाण पत्र के साथ भाग ले सकते हैं। जनपद चयन परीक्षण में चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन परीक्षण हेतु भेजा जायेगा। मण्डलीय चयन परीक्षण 26 जनवरी 2023 को प्रातः 10 बजे से वाराणसी में किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही जी–20 प्रदेशीय जूनियर कुश्ती बालक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र फोटो सहित तैयार कराकर एवं अपना तथा माता–पिता का आधार कार्ड एवं जन्म तिथि प्रमाणित की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें एवं मूल प्रति अपने साथ लेकर अवश्य आयें। उक्त जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डा0 अतुल सिन्हा ने दिया।

## "पराक्रम दिवस" के रूप में मनाया गया नेता जी का जन्मदिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की 127 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार आईएफडबल्यूजे और एबीकेएम के प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहाँ की आज नेता जी के पद चिन्हों पर चलते हुए देश को सर्वोपरि रखना होगा तभी भारत विश्व गुरु बनाएगा । नेता जी को याद करते हुए उन्होंने कहाँ की सुबाष चंद बोस जी के उद्देश्यों को जिंदा रखते हुए हमें उसपर चलना होगा । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने उनके जन्मदिवस पर गांधी पार्क में पराक्रम दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित करते हुए उन्हें नमन किया । बता दे आज के दिन को पूरे भारतवर्ष में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है ।नेताजी के "जय हिंद" एवं "तुम मुझे खून दो,मैं तुम्हें आजादी दूंगा" के उद्घोष ने सभी को मातृभूमि के प्रति सच्चे समर्पण के लिये जागृत किया था ।वही आज कायस्थ शिरोमणि नेता जी सुबाष चंद बोस की 127 वीं जयंती "पराक्रम दिवस" के अवसर पर देहरादून के तिलक रोड स्थित प्रतिमा व गांधी पार्क स्थित प्रतिमा पर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के द्वारा माल्यार्पण किया गया और उन्हें नमन करते हुए उनके उद्देश्यों पर चलने की शपथ ली गई ,जहाँ उपस्थित रहे प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव , महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष अनिता सक्सेना , राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रवि सरन , प्रदेश कोषाध्यक्ष हितेंद्र सक्सेना देहरादून जिला अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## मनबढ़ दबंगों ने युवक को पीटा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के ताखा पूरब गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में सोमवार की सुबह मनबढ़ पडोसियों ने एक युवक से गाली–गलौज करते हुए लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया भुक्तभोगी घटना की सूचना पुलिस को देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ताखा पूरब गांव निवासी चंद्र जीत यादव (32)पुत्र मंगला प्रसाद यादव को सोमवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी हो गयी। कहासुनी के दौरान पडोसियों ने गाली–गलौज करते हुए लाठी डंडे से पीटकर उक्त युवक को घायल कर दिया। पीड़िता ने इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया ।इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरिक्षक सदानंद राय ने बताया की जमीनी विवाद का मामला था। तहरीर के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Deshkiupasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** को सही एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## जेसीआई जौनपुर द्वारा सुभाषचंद्र बोस की मनाई गई जयंती

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : शहर की अग्रणी समाज सेवी संस्था जेसीआई जौनपुर द्वारा सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पर नवदुर्गा शिव मंदिर



प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर संस्था अध्यक्ष दिलीप सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात देश की आजादी में उनके द्वारा किए गए अमूल्य योगदान को याद किया। डायरेक्टर सर्वेश जयसवाल व कोषाध्यक्ष विशाल तिवारी ने नेताजी के विशाल व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला वहीं उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने अपने ओजपूर्ण कविताओं से उनकी शौर्य गाथाओं का वर्णन किया। उक्त क्रम में अमित सोनी व प्रदीप सिंह रिंकू ने अपने विचार व्यक्त किए। सचिव आकाश केसरवानी ने आए हुए सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भारत जोड़ो यात्रा सफल या विफल –बादल चोपड़ा



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बादल चोपड़ा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कोचिंग संघ ने कहा कि यह यात्रा सफल होने की संभावना होती यदि राहुल गांधी की कोई स्पष्ट विचारधारा होती। नाम है भारत जोड़ो यात्रा और विचारधारा में ही कोई सामंजस्य नहीं। राहुल गांधी एक साथ विभिन्न मुद्दों पर बोल रहे हैं।समस्या यह है कि वह कोई नया विचार या एजेंडा पेश नहीं कर पा रहे हैं। मात्र एक ही उद्देश्य हैं विभिन्न विपक्षी दलों को भाजपा के खिलाफ जोड़ो। यात्रा के साथ–साथ पंजाब कांग्रेस के नेता मनप्रीत सिंह बादल भाजपा में शामिल हो गए हैं। इस वर्ष 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। राहुल गांधी से गुजारिश है कि वे सर्वप्रथम बिखरती हुई कांग्रेस को जोड़ें।भारत टूटा हुआ है यह मात्र उनका भ्रम है।

## डीएम एसपी सिटी ने गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : बुढ़वा मंगल पर खिचड़ी मेला और गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा – व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई




गोरखनाथ मंदिर मेला परिसर सहित अन्य स्थानों का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया मंदिर परिसर में लगाए गए जवानों को हिदायत दिए गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में लगे पुलिस अधिकारियों, इंस्पेक्टर, दारोगा और सिपाहियों पीएसी और पुलिस कर्मचारी सोमवार की रात से ही ड्यूटी प्वाइंट पर मुस्तैद हो जायेगे मंगलवार को जांच के बाद ही श्रद्धालुओं को मंदिर में इंट्री मिल सकेगी ड्यूटी पॉइंट पर लगाए गए पुलिस के जवान अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को चाक–चौबंद रखेंगे खिचड़ी मेला चढ़ाने आने वाले श्रद्धालु गण अपने–अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहनों को खड़ा करेंगे जिससे किसी भी आने जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना होने पाए।



–सुविचार–

एक अच्छे इंसान का संकेत है कि वो हमेशा दूसरों की अच्छाई देखता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# संकटः नया जोशीमठ बसाने का वक्त

कंकरीट का बना जोशीमठ शहर अब पहले जैसा नहीं रहेगा। घर–होटल सब तोड़े जा रहे हैं। धीरे–धीरे जोशीमठ को खाली करना होगा, जैसे गढ़वाल के चर्चित शहर टिहरी को खाली करना पड़ा था। जोशीमठ भू–धंसाव की जांच कर रहे अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि यहां पुनर्निर्माण की संभावनाएं तकरीबन खत्म होती जा रही हैं। बेहतर है कि नई टिहरी की तर्ज पर कहीं और नया जोशीमठ बसाया जाए।

देश भर के वैज्ञानिकों की टीमें जोशीमठ की बदलती भूगर्भीय संरचना, जमीन के अंदर अज्ञात स्रोतों से लगातार रिसते पानी, भूगर्भ में मिट्टी और पत्थरों की स्थिति, उनकी भार क्षमता और यहां के पर्यावरण और पर्वतीय संरचनाओं के रुझान की बारीकी से जांच कर रहे हैं।

चूंकि सूचनाएं साझा करने पर रोक है, इसलिए तथ्य सामने नहीं आ रहे हैं। लेकिन लगभग सभी वैज्ञानिक एकमत हैं कि जोशीमठ के हालात बेहद गंभीर हैं। मिट्टी–बोल्डर मैट्रिक्स से बनी जोशीमठ की जमीन पर पहले ही जरूरत से बहुत ज्यादा वजन है। इस वजन को कम करने के लिए सारी बड़ी इमारतें एक–एक करके हटानी होंगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि इस जमीन पर पुनर्निर्माण के नाम पर नया बोझ न डाला जाए। इन्हीं रिपोर्टों के आधार पर राज्य सरकार ने शहर में ड्रेनेज व सीवर के नए इंतजाम से अपने हाथ खींच लिए हैं।

आपदा प्रबंधन सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा ने साफ कह दिया है कि तमाम तकनीकी संस्थानों की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही जोशीमठ के पुनर्निर्माण पर कोई फैसला लिया जाएगा।

जोशीमठ की जमीन में मात्र एक से 1.5 मीटर की गहराई तक मिट्टी है। वह भी खराब ग्रेड वाली रेतेली मिट्टी है। यह जमीन किसी भी शहर के लिए उपयुक्त नहीं। एक वैज्ञानिक ने बताया कि इस पर भारी–भरकम सामग्री से किसी भी शहर को बसाना खतरनाक है। यही वजह है कि एनटीपीसी, आईटीबीपी जैसे संस्थानों ने टीन व फाइबर की छत के हल्के भवन बनाए, हालांकि इनमें भी कई जगह दरारें आ गईं।

जोशीमठ की जमीन के बारे में सबसे पहले मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट (1976) में बताया गया था कि जोशीमठ की जमीन ढीले मैट्रिक्स में बड़े असंतुलित बोल्डरों से बनी हैं। यहां की पहाड़ियों में कई स्थानों पर एक के ऊपर एक बोल्डर रखे दिख जाएंगे। इन बोल्डरों के बीच की मिट्टी हट गई है, इसलिए जमीन के भीतर का नजारा साफ दिख जाता है।

नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हाइड्रोलॉजी के एक वैज्ञानिक ने बताया कि गूगल अर्थ में देखें, तो जोशीमठ सीधी ढलान पर बसा है। न जाने कितने प्राकृतिक जलस्रोत रास्ता बदल कर शहर की जमीन के नीचे बह रहे हैं, जो जमीन के अंदर की मिट्टी को लगातार काट रहे हैं।

इन जलस्रोतों को खोजना व रोकना असंभव है। ड्रेनेज के लिए नई लाइनें बिछाकर बारिश या रोजमर्रा के इस्तेमाल के पानी को तो निकाला जा सकता है, मगर जमीन के नीचे अदृश्य जलस्रोत से बह रहे पानी को कैसे निकाला जा सकता है? यह अपनी तरह की एक प्राकृतिक ड्रेनेज व्यवस्था है, जो पहाड़ों पर आम है।

इन सबके बावजूद जोशीमठ के पुनर्निर्माण के मोह में फंसी राज्य सरकार केंद्र से सैकड़ों करोड़ रुपये की राहत मांग रही है, जबकि जरूरत आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित जोशीमठ के पुनरुत्थान की है। चीन सीमा के करीब होने के कारण यह पूरा इलाका सामरिक नजरिये से महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि नौवीं स्वतंत्र ब्रिगेड की गढ़वाल स्कॉट ने जोशीमठ के ऊपरी हिस्से में हल्के भार वाले टीन शेड भवनों में डेरा डाल रखा है। यहीं पर आईटीबीपी का एक केंद्र भी है। जोशीमठ को सांस्कृतिक व सामरिक धरोहर समझ कर बचाना जरूरी है।

नया जोशीमठ बसाने के लिए राज्य सरकार ने बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर ही चार स्थान चिह्नित किए हैं। सरकार को यहां से विस्थापित लोगों के स्थायी रोजगार और जमीनों की भी व्यवस्था करनी होगी। यह कोई मुश्किल काम नहीं है। टिहरी बांध बनने पर पुरानी टिहरी डूब गई, लेकिन नई टिहरी आज आधुनिक टाउनशिप की एक मिसाल है। वक्त आ गया है कि केंद्र सरकार जोशीमठ के बारे में ठोस फैसला लेकर कोई दूरगामी नीति तैयार करे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बच्चों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सोमवार को शाहाबाद क्षेत्र के अंतर्गत आगमपुर स्थित स्वामी ब्रह्मानंद डिग्री कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कालेज के सभी के



छात्र/छात्राओं व प्रवक्ताओं ने मिलकर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत एक रैली का आयोजन किया। सर्वप्रथम रैली को कालेज के प्राचार्य डॉ अरविन्द कनौजिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले प्राचार्य ने सभी छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। कालेज से शुरू हुई रैली शाहाबाद पाली मुख्य मार्ग से होते हुए गाँव मुरीदापुर तथा परेली होकर कालेज वापस पहुंची। रैली में कालेज के प्राचार्य डॉ अरविन्द कनौजिया ने लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी साथ ही रैली के माध्यम से लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने,वाहन चलाते समय सीट बेल्ट,हेलमेट पहनने,वाहन धीमी गति से चलाने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने बताया कि सड़क पर आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं का परिणाम केवल सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी/लापरवाही का नतीजा है।इस अवसर पर प्राचार्य के साथ अरूणेश कुमार,सुशील कुमार, रतनलाल,सुरेश चन्द्र,महेश कुमार, अभिषेक शुक्ला,चारुदत्त मिश्रा,विनोद कुमार के अलावा काफी संख्या में छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।

## आरोग्यमेव जयते क्लीनिक द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मो0 चौक स्थित आरोग्यमेव जयते क्लीनिक द्वारा एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सोम शेखर दीक्षित(एमडी,गोल्ड मेडलिस्ट) और डॉ शुभा दीक्षित (एमबीबीएस, एमएस) ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों ने आरोग्य मेव जयते क्लीनिक का फीता काटकर उद्घघाटन किया।मुख्य अतिथि डॉ सोम शेखर ने कहा कि मानव सेवा के लिये चिकित्सा एक पुनीत माध्यम है।इसलिये उन्होंने मानव सेवा के लिये ही चिकित्सा को माध्यम बनाया।उन्होंने कहा कि वे जरूरतमंदों की सेवा के लिये सदैव कटिबद्ध है और सभी को एक दूसरे के सहयोग की सलाह भी देते है।मो0 चौक में आरोग्यमेव जयते क्लीनिक की स्थापना जरूरतमंदों को चिकित्सा की बेहतर सुविधाएं मिलेगी।साथ ही योग्य डॉक्टर द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी।इस निशुल्क कैम्प में डॉ सोम शेखर दीक्षित और डॉ शुभा दीक्षित ने 50 मरीजो के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ उन्हें जीवनशैली जन्य व्याधियों के बारे में जागरूक किया।निशुल्क परामर्श और दवाई का वितरण भी किया गया उसके उपरान्त देर शाम तक



शिविर में विभिन्न मरीजो का निशुल्क परीक्षण किया गया।कैम्प में रोगियों की ब्लड प्रेशर और ब्लड सुगर की निशुल्क जांच कराई गई।क्लीनिक संचालक डॉ अमित पाठक ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर डॉ मुरारी लाल गुप्ता,डॉ श्री प्रकाश गुप्ता,डॉ श्याम जी गुप्ता,डॉ आसिफ,अनिल मिश्रा एडवोकेट,डॉ विक्रम सिंह,राजेन्द्र प्रसाद रस्तोगी,आलोक पाठक,महेंद्र गुप्ता,नंद कुमार अग्निहोत्री,डॉ महेश ,आलोक गुप्ता,रामचन्द राठौर आदि दर्जनों गणमान्य मौजूद रहे।

## मेडल पहनाकर सम्मानित किए गए स्वयंसेवक और कार्यकर्ता

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : हरपालपुर कस्बे में कोतवाली के पीछे चल रहे शांति संदेश में विश्व शांति दूत शांति वक्ता प्रेम जी ने कहा कि जीवन में हर एक मनुष्य ने आइसक्रीम् अवश्य खाई होगी,और बडा आनंद लिया होगा,गर्मियों मे तो यह और भी अथिक आनंद देती हे, परन्तु आइसक्रीम हर क्षण पिघल रही होती है तो जल्दी –जल्दी सावधानी पूर्वक चाटते हैं और यदि कहीं जरा भी टपक गयी तो उसे भी चाट लेते हैं बरवाद नही होने देते हैं। प्रेम जी ने कहा मनुष्य की जिदगी भीआइसक्रीम की ही तरह होती हे जो हर समय उपरोक्त दर्शाये गये आँकडों की तरह ही पिचल/घट रही है परन्तु इन कृपा स्वरुप मिली अनमोल श्वाँसों का हम अहसास हम नही कर पाते हैं। यह प्रत्येक क्षण/मिनट में घट ही रही हे। इन अनमोल श्वाँसों का अहसास हम समय के सद्गुरू की कृपा से मिले आत्मज्ञान के द्वारा ही कर पाते हैं। शांति वक्ता ने कहा अगर यह श्वाँसे हरि सुमिरन मे लगती हैं तो जीवन सफल माना हे सन्तों ने कहा और यदि यह श्वाँसें संसारी कार्यों में ही खर्च होती हैं तो हम जीवन में असफल ही रहते हें। विश्व शांति दूत प्रेम जी ने कहा इन श्वाँसों की कीमत अंत समय में अहसास होती है, जब प्राण शरीर से अलग होने लगते हें, तब मनुष्य अपनी सारी शक्ति इस श्वाँस लेने में लगा देने पर भी यह बहुमूल्य श्वाँस वापस नहीं आती है ।मनुष्य का शरीर पुनः पाँच तत्वो में मिल जाता है जहाँ से यह बना है। ईश्वर की कृपा से मिली श्वाँसो को ब्यर्थ न जाने दे समय के सद्गुरु से आत्म ज्ञान लेकर बहुमूल्य जीवन को सफल बनायें। शांति शिक्षा कार्यक्रम के संस्थापक शांति की चर्चा देशभर में करने वाले शांति वक्ता प्रेम रावत जी के विशेष वीडियो को देखा और सुना तीसरी बार विशेष आगंतुकों



के लिए कार्यक्रम चलाया गया कार्क्रम में प्रेम रावत जी ने स्वास के चमत्कार को विस्तृत रूप से समझाया तथा बताया कि मनुष्य शरीर बड़े ही भाग्य से मिलता है और यह भवसागर से पार जाने का एक माध्यम है उन्होंने कहा कि मनुष्य जिस सुख और शांति की तलाश मैं बाहर भटकता रहता है वह उसके हृदय में ही स्थित है जो अपने आप को जान लेता है वह अपने हृदय तक पहुंच जाता है उन्होंने जानने और मानने पर भी अपना विस्तृत उद्बोधन दिया हरपालपुर के नखासा बाग में चल रहे इस कार्यक्रम के अंतिम दिन श्रोताओं ने अपने अपने भाव कागज पर व्यक्त किए कार्यक्रम में अपना भरपूर सहयोग देने वाले स्वयंसेवकों को जिला मुख्यालय से पहुंची प्रेम रावत डाट काम टीम ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके सेवा भाव की भी मुक्त कंठ से सराहना की इस कार्यक्रम में सुशील कुमार श्रीवास्तव मनोज कुमार गुप्ता रामबरन वर्मा दीप कुमार सोनी अमित यादव संगीता कश्यप निशा श्रीवास्तव उर्मिला पुष्पा मनोरमा अंकिता यादव अन्नू ,रंजना, और पीके गुप्ता ने भी पहुंचकर स्वयंसेवकों और आयोजकों की हौसला अफजाई की इस कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आरेंद्र कुशवाहा ,सुधा स्वर्णकार सचिन स्वर्णकार,अखिलेश कश्यप जगपाल कुशवाहा, सकुंतल कुशवाहा ,हिमांशु सिंह,सीमा सिंह स्वामी दयाल कुशवाहा, बदन सिंह यादव रामचंदर कुशवाहा,रामनरेश कुशवाहा ,ब्रजकिशोर मिस्त्री आदि शामिल रहे।

## राधा से कृष्ण बने पूर्व आईजी डीके पंडा : आवास में ही बना लिया मंदिर

प्रयागराज ब्यूरो : देश भर के साधु–संत इन दिनों माघ मेले में धूनी रमा रहे हैं। ईश्वर की आराधना के लिए माह भर संगम तट पर प्रवास कर रहे हैं। लेकिन कभी खुद को दूसरी राधा बताने वाले पूर्व आईजी डीके पंडा ने इससे दूरी बना रखी है। माघ मेले को दुनियावी दिखावा बताने वाले पूर्व आईजी अब बाबा कृष्णानंद बन गए हैं। वह घर में ही बने मंदिर में कृष्ण भक्ति में लीन रहते हैं। पूर्व आईजी डीके पंडा उर्फ देबेंद्र किशोर पंडा धूमनगंज के प्रीतम नगर स्थित आवास में अकेले ही रहते हैं। रविवार को अमर उजाला ने यह पता करने की कोशिश की कि कभी कृष्ण प्रेम में अपना रूप बदल लेने वाले पूर्व आईजी अब क्या कर रहे हैं। तब मालूम हुआ कि बीतते वक्त के साथ ही भगवान कृष्ण के प्रति उनकी भक्ति और भी प्रगाढ़ हुई है। लेकिन वह न तो कभी किसी आश्रम से जुड़े और न ही किसी मंदिर में गए। वह घर में ही रहकर अपने आराध्य की भक्ति में रमे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मेला शोर व कोलाहल का प्रतीक है, जबकि आराधना एकांत, ध्यान का विषय है। भक्ति वह है, जिसमें भक्त व भगवान के बीच तीसरा कोई न हो। जबकि मेला हो या मंदिर, वहां हर तरफ भीड़ है। यही वजह है कि वह न तो मंदिर गए और न ही कभी माघ मेले का रुख किया। उन्होंने अपने घर को ही कृष्ण–प्रेमधाम मंदिर का नाम दे दिया है। यहां वह वर्तमान में बाबा कृष्णानंद के रूप में रहकर भगवान की पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संत वह है जो स्थितिप्रज्ञ हो। इसका



मतलब यह है कि उस पर सांसारिक चीजों से कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। अगर कोई संत अपने आसपास की घटनाओं को लेकर कथन करता है तो वह वास्तव में संत नहीं। भगवान के आदेश पर बदला रूप अपने पूर्व रूप कृष्ण प्रिया (दूसरी राधा) के बारे में वह बताते हैं कि 2005 में भगवान के आदेश पर उन्होंने यह रूप धारण किया था। 2015 में भगवान कृष्ण उनके सपने में आए और यह रूप त्यागने को कहा, जिस पर उन्होंने ऐसा ही किया। 2017 से वह बाबा कृष्णानंद के रूप में रहकर भक्ति कर रहे हैं। अब वह पूर्व की तरह नारी रूप में नहीं रहते। बल्कि संत की तरह पीत वस्त्र धारण कर रहते हैं। 2005 में दिया था इस्तीफा 1971 बैच के आईपीएस अफसर पूर्व आईजी डीके पंडा मूल रूप से उड़ीसा के रहने वाले हैं। 2005 में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। तब उनकी तैनाती लखनऊ में आईजी रूल्स एंड मैनुअल के पद पर थी। 2005 में तब वह सुर्खियों में आए, जब उन्होंने महिला का रूप धरकर खुद को दूसरी राधा घोषित कर दिया था। वह महिलाओं की तरह सोलह शृंगार करने लगे थे। मांग में सिंदूर व माथे पर बिंदी लगाने के साथ ही कानों में बाली, नाक में नथ, पैरों में घुंघरू पहनने लगे थे।

## केनरा बैंक संस्थापक अमेम्बल सुब्बाराव पई क्रिकेट टूर्नामेंट

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। केनरा बैंक ऑफिसर एसोसिएशन बैंक के संस्थापक के नाम से प्रथम अमेमबल सुब्बा राव पाई क्रिकेट टूर्नामेंट में कल तीसरे रविवार को कानपुर रोड स्थित पार्थ क्रिकेट ग्राउंड में दो 20–20 मैच खेले गए। पहला मैच न्यू यूनियन बैंक लखनऊ और पंजाब नेशनल बैंक क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया, जिसमें पंजाब नेशनल बैंक क्रिकेट क्लब ने 4 विकेट खोकर 182 रन बनाए जिसमे गौरव सिंह के 84 रन और आशीष पाल सिंह का 61 रन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पंजाब नेशनल बैंक के 1८२ रन के जवाब में न्यू यूनियन बैंक सभी विकेट खोकर मात्र 103 रन ही बना सकी। पंजाब नेशनल बैंक की ओर से समीर त्रिपाठी और आशुतोष आशु ने न्यू यूनियन बैंक के दो दो विकेट झटके। पंजाब नेशनल बैंक क्रिकेट क्लब ने 79 रन से जीत दर्ज की। आज का दूसरा मैच आरबीआई और आरिफ स्पोर्ट्स क्लब के मध्य खेला गया जिसमें आरबीआई ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 159 रन बनाए और उसके जवाब में आरिफ स्पोर्ट्स क्लब ने 18.3



ओवर मे163 रन बनाकर 6 विकेट से जीत दर्ज की। आज आर बी आई की ओर से सौमित्र सिंह और अमित मेहरा ने क्रमशः 62 और 46 रन का योगदान दिया आरिफ स्पोर्ट्स क्लब की ओर से सुनीत कुमार ने 3 विकेट और सौरभ कुमार ने 2 विकेट झटके। आरिफ स्पोर्ट्स क्लब के सौरभ कुमार ने बैटिंग में अपना दम दिखाने के बाद गेंदबाजी में भी अपनी चमक दिखाई और आरबीआई के 2 विकेट झटके।

## मानवाधिकार जनसेवा परिषद ने गरीब महिला को दी कान से सुनने की मशीन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ – मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने आज चिनहट में एक गरीब महिला कलावती को निःशुल्क कान से सुनने की मशीन प्रदान की। सिविल डिफेंस के पूर्व स्टॉफ ऑफिसर तथा चिनहट व्यापार मण्डल के महामंत्री मो० शफीक ने मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा को कलावती के बारे में जानकारी दी थी। इसी क्रम में आज रूप कुमार शर्मा ने कलावती को निःशुल्क कान से सुनने की मशीन प्रदान की। मो० शफीक ने मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उन्हें बताया कि कई अन्य गरीब लोग और हैं जिन्हें कान से सुनने में कठिनाई है। इस पर अध्यक्ष शर्मा ने आश्वासन दिया कि ऐसे अन्य लोगों को भी शीघ्र ही सुनने की मशीन प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने बताया कि संस्था समाज में फैली कुरीतियों, लोगों के अधिकारों के रक्षा के साथ समाज की सेवा के प्रति समर्पित है तथा आम नागरिकों के मूल



अधिकारों पानी, बिजली, सड़क आदि के समाधान की दिशा में कार्यरत है। मानवाधिकार जनसेवा परिषद आशा फाउण्डेशन द्वारा कैंसर मरीजों के निःशुल्क इलाज के अभियान में भी सहयोगी की भूमिका निभा रहा है तथा आशा फाउण्डेशन एवं मानवाधिकार जनसेवा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कम्बल भी वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर मो० शफीक, मो० कासिब, मो० इमरान, काली चरन गौतम, मालती, तुलसा देवी, राम देवी, शान्ती तथा फूलमती गौतम उपस्थित रहे।

## दरोगा की कार से सरकारी पिस्टल चुराने का मामला आया प्रकाश में

प्रयागराज ब्यूरो : खुल्दाबाद थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां चोर एक दरोगा की कार से उसकी सरकारी पिस्टल ले उड़े। घटना शनिवार रात हुई और रविवार देर रात तक पुलिस न तो पिस्टल बरामद कर सकी और न ही चोरों का कोई सुराग हासिल कर पाई थी। एसआई जगनारायण सिंह खुल्दाबाद थाने की कर्बला चौकी में बतौर प्रभारी तैनात हैं। सूत्रों का कहना है कि शनिवार रात वह अपनी कार से प्रयागराज जंक्शन के पास गए थे। इस दौरान अपनी सरकारी पिस्टल कार में ही छोड़कर पास ही स्थित एक दुकान पर चले गए। कुछ देर बाद वापस आने पर नजर कार की सीट पर पड़ी तो होश उड़ गए। वहां से उसकी सरकारी पिस्टल गायब थी। दरोगा काफी देर तक इधर–उधर तलाश करता रहे लेकिन पिस्टल का कुछ पता नहीं चला। सूत्रों का कहना है कि इसके बाद इंस्पेक्टर व अन्य साथी पुलिसकर्मियों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद सभी पिस्टल तलाशने में जुट गए। हालांकि रविवार देर रात तक न तो पिस्टल बरामद हुई और न ही इसे उड़ाने वाले चोर का कोई सुराग मिल पाया था। खास बात यह है कि खुल्दाबाद पुलिस इस मामले को छिपाने में लगी



रही। इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने कहा ऐसी कोई घटना नहीं हुई है, न ही उन्हें इस तरह की कोई जानकारी है। उधर, डीसीपी नगर संतोष कुमार मीणा से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। फिलहाल ऐसी किसी घटना की जानकारी मुझे नहीं है। इस संबंध में इंस्पेक्टर व संबंधित पुलिसकर्मी से पूछताछ के बाद ही कुछ बता पाऊंगा।

## हाईकोर्ट जज की सुरक्षा में चल रही स्कार्ट गाड़ी पलटी : सुरक्षा कर्मी घायल : बाल–बाल बचे न्यायाधीश

प्रयागराज ब्यूरो : सरायइनायत थाना क्षेत्र के प्रयागराज–वाराणसी हाईवे पर रविवार की सुबह तेज रफ्तार एक्सयूवी कार ने हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति की इनोवा कार और सुरक्षा में आगे चल रही स्कार्ट जिप्सी में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही स्कार्ट की जिप्सी हाईवे के किनारे गड्ढ़े में जाकर पलट गई, जबकि न्यायमूर्ति की इनोवा कार में टक्कर लगने से महिला सुरक्षाकर्मी समेत अन्य जख्मी हुए हैं। हालांकि न्यायमूर्ति बाल–बाल बच गए। बाद में उन्हें सुरक्षित वाराणसी के लिए रवाना किया गया। हादसे के कारण प्रयागराज–वाराणसी हाईवे पर काफी देर तक अफरा–तफरी मची रही। हाईकोर्ट इलाहाबाद के न्यायमूर्ति राममनोहर नारायण मिश्र रविवार की सुबह प्रयागराज से वाराणसी जाने के लिए अपनी इनोवा का से निकले थे। उनकी इनोवा कार के आगे स्कार्ट की जिप्सी चल रही थी। तकरीबन सवा सात बजे सरायइनायत थाना क्षेत्र के सरायचाचक गांव के पास पहुंचने पर सामने से तेज रफ्तार में आ रही महिंद्रा की अलटूरस कार ने न्यायमूर्ति के साथ चल रही पुलिस स्कार्ट की जिप्सी में जोरदार टक्कर मार दी। जिप्सी में टक्कर मारने के बाद कार ने न्यायमूर्ति के इनोवा कार में भी टक्कर मार दी। हादसे में जिप्सी हाईवे के किनारे गड्ढ़े में जाकर पलट गई। इस दौरान न्यायमूर्ति की इनोवा कार भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। हादसे में न्यायमूर्ति राममनोहर नारायण मिश्र बाल–बाल बच गए। हालांकि जिप्सी चालक राम निवास सिंह, महिला कांस्टेबल सुनीता यादव तथा एक अन्य सुरक्षाकर्मी मामूली रूप से जख्मी हो गए। हादसे की सूचना पर एसओ सरायइनायत अरविंद पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की सूचना मिलने पर एसीपी फूलपुर मनोज कुमार सिंह, एसीपी हंडिया सुधीर कुमार, हंडिया इंस्पेक्टर धर्मेंद्र दुबे भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे। बाद में न्यायमूर्ति को सुरक्षित वाराणसी के लिए रवाना किया गया। जिप्सी चालक राम निवास सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अलटूरस कार चालक विनीत सिंह निवासी सेमशैल, थाना सादात, जिला गाजीपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। चालक को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। अलटूरस कार पूर्वांचल के एक जिला पंचायत अध्यक्ष की बताई जा रही है। हादसे के कारण मौके पर काफी देर तक अफरा–तफरी मच रही।

# पी.जी.कॉलेज समोधपुर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मनाई गई जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक पी.जी. कॉलेज समोधपुर जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में दिनांक 23 जनवरी 2023 को प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू तथा प्राचार्य प्रोफेसर रमेश चंद्र सिंह के संरक्षकत्व में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा मानव श्रृंखला बनाई गई । इस अवसर पर सांस्कृतिक समिति के संयोजक डॉ लालमणि प्रजापति ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़े संघर्ष के बारे में विस्तार से बताया । डॉ आलोक प्रताप सिंह विसेन ने सड़क सुरक्षा संबंधी यातायात नियमों के बारें में बताया । डॉ नीलमणि सिंह ने दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए कहा । श्री जितेंद्र कुमार ने तेज वाहन न चलाने के लिए जागरूक किया । श्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि एनसीआरबी के हालिया रिपोर्ट के अनुसार 2021 में कुल 4,03,116 सड़क हादसे हुए जो2020 में कुल 3,54,796 से अधिक है वही मृतकों की संख्या 1,33,201 से बढ़कर 1,55,622 हो गई ।



अतः हमें वाहन चलाते समय सतर्क रहना चाहिए । डॉ अवधेश कुमार मिश्र ने छात्र–छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई । इस अवसर पर प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह, प्रोफेसर राकेश कुमार यादव, डॉ लक्ष्मण सिंह,डॉ अविनाश वर्मा, श्री विकास कुमार यादव, नीलम सिंह,श्री सत्यप्रकाश सिंह, डॉ नीलू सिंह, डॉ राजेश कुमार तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रबंधन में आत्मविश्वास ही रक्षा कवच –रमन सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के व्यवसाय प्रबंध विभाग द्वारा 'व्यवसाय प्रबंधकों का करियर में चुनौतियाँ ' शीर्षक पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला के मुख्य वक्ता रिलायंस जिओ, लखनऊ के वरिष्ठ प्रबंधक रमन सिंह ने जीत की रणनीति के अनेक पहलुओं पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि व्यवसाय प्रबंधन छात्रों को कॉर्पोरेट जगत में अपना छाप छोड़ने के लिए अनेक रणनीतियों का प्रयोग करनी चाहिए। इसके लिए सही लक्ष्य निर्धारण करना जरुरी है । अपने दो दशक में कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत अनुभव को साझा करते हुए रमन सिंह ने कहा कि प्रबंधकों का आत्मविश्वास ही उनकी रक्षा कवच है।इसी से वो हर कठिनाइयों का आसानी से सामना कर सकते है । सही स्ट्रैटिजी वही है जिसमें हम अपनी जीत और जिसके साथ व्यवहार कर रहे हैं उसकी जीत सुनिश्चित करते है । रणनीति सत्य पर आधारित होना चाहिए और व्यवसाय जगत कि परिवेश में होनी



चाहिए । उन्होंने छात्रों को आग्रह किया कि अपने करियर के साथ अपने सामाजिक दायित्व का भी पालन करे। तिथियों का स्वागत व्यवसाय प्रबंध के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर मुराद अली एवं धन्यवाद ज्ञापन उद्देश्य सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. सुशील कुमार सिंह, डॉ प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ. सैफुल हक, प्रांकूर शुक्ला,मोहम्मद सहाबुद्दीन, मोहित कुमार भाटिया आदि उपस्थित रहे।

# नेताजी के विचारों को आत्मसात करें विद्यार्थी– कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर स्थित रोवर्स–रेंजर्स भवन में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर रोवर्स–रेंजर्स स्थित प्रतिमा पर कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नेता जी के विचारों को आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में नेता जी के अप्रतिम योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता. नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जन्मजयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्वविद्यालय के विद्यर्थियों द्वारा विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से एकलव्य की प्रतिमा तक मानव श्रृंखला बनाई गयी एवं उन्हें सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। वित्त अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि नेता जी ने विपरीत परिस्थितियों में कई देशों से संपर्क कर आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके प्रबंधन के गुण से सीख लेने की जरूरत है। सड़क सुरक्षा के नोडल अधिकारी डॉ. श्याम कन्हैया सिंह ने कहा कि उ. प्र. शासन की मंशानुसार 4 जनवरी से 5 फरवरी तक सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत अलग– अलग



कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज नेता जी जयंती के अवसर पर आज मानव श्रृंखला बनाई गयी एवं विद्यर्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। आयोजन सचिव डॉ विनय वर्मा ने कार्यक्रम का संयोजन किया। इस अवसर पर प्रो बीडी शर्मा, प्रो देव राज सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ राज बहादुर यादव, एआर दीपक सिंह, अजीत सिंह, गिरिधर मिश्र, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ नितेश जायसवाल, डॉ मनोज पाण्डेय, शशिकांत, डॉ अनुराग मिश्र, डा. पीके कौशिक, डॉ इन्द्रेश गंगवार समेत विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# दिनदहाड़े व्यापारी से 12 लाख की लूट: सिर पर तमंचा मारकर छीन लिया बैग : व्यापारियों में दहशत

बहराइच ब्यूरो : बहराइच के पयागपुर थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर एक किराना व्यापारी से 12 लाख रुपए लूट लिए। थाने से महज डेढ़ किलोमीटर दूर दिनदहाड़े घटी इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सूचना पर पहुंची पयागपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, मौके पर एएसपी नगर कुंवर ज्ञानजय सिंह भी मौके पर पहुंच गए हैं। पयागपुर थाना क्षेत्र के भूपगंज बाजार निवासी गौरव उर्फ गोलू अपने भाई दीपक के साथ किराने का व्यवसाय करते हैं। उनका थोक व गल्ले का व्यवसाय है। सोमवार को गौरव शनिवार और रविवार के कारोबार का पैसा जमा करने के लिए पयागपुर स्थित सेंट्रल बैंक की शाखा जा रहे थे। इसी दौरान पहले से ही घात लगाए खड़े बाइक सवार तीन नकाबपोशों ने उन्हें रेलवे स्टेशन के पास उन्हें घेर लिया



और तमंचा से सिर पर वार कर पैसे छीन लिए। व्यापारी जब तक कुछ समझ पाता अपराधी तमंचा लहराते हुए बाइक से फरार हो गए। घायल व्यापारी को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है। सुबह लगभग 10 बजकर 30 मिनट पर हुई इस वारदात से व्यापारी सकते में आ गए और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं, सूचना पर पयागपुर थाना प्रभारी राजकुमार पाण्डेय भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। एएसपी नगर कुंअर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है।

# स्थानीय निकाय पिछड़ा आयोग अध्यक्ष के साथ अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

गोरखपुर : (दै.देश की उपासना ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव) मंडलायुक्त सभागार में राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायामूर्ति राम अवतार सिंह एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य संतोष कुमार



विश्वकर्मा, महेन्द्र कुमार एवं बृजेश कुमार सोनी द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अन्य समस्याओं पर गोरखपुर के अधिकारियों के साथ बैठक किया गया। उक्त बैठक में कमिश्नर रवि कुमार एनजी डीएम कृष्ण करुणेश अपर आयुक्त अजय कांत सैनी एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता नगर आयुक्त अविनाश सिंह अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा सहित संबंधित कई अधिकारीगण मौजूद रहे। मा0 आयोग द्वारा समस्याओं की जानकारी की गई और उसके समयबद्ध निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया।

# कम्पोजिट विद्यालय शेखूपुर खुटहन जौनपुर में मनाई गई सुभाष चन्द्र बोस जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कम्पोजिट विद्यालय शेखूपुर खुटहन जौनपुर में सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर डॉ ध्रुवराज द्वारा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया! इस अवसर पर सड़क सूरक्षा




नियम की सपथ दिलाई गई! बच्चों ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया ! बच्चों के द्वार सड़क सूरक्षा नियमों का पालन करने के लिए मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया! मोतीलाल द्वारा बच्चों को सड़क पर चलते समय बाये चलने के लिए प्रेरित किया गया! धर्मेन्द्र सिंह ने मानव श्रृंखला के दौरान सड़क पर चलने वाले लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया! इस अवसर पर राजेश यादव, ध्रुवराज, धर्मेन्द्र सिंह, विनिता यादव, इन्द्रेश गौतम, रेनू सोनी, अनिल कुमार चौहान आदि लोग उपस्थित रहे!

# निलय मिताश शंकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पिछले कई वर्षों से कई बैंकों की परीक्षा सफलतापूर्वक निकालने वाले निलय मिताश शंकर पुत्र गोपी शंकर श्रीवास्तव एडवोकेट ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराकर जनपद का नाम रोशन किया इस रिकॉर्ड की जानकारी जब अधिवक्ताओं व अन्य समाजसेवी संस्थाओं को मिली तो वह उनके रूहट्टा स्थित आवास पर जाकर बधाई दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीवानी न्यायालय जौनपुर में वकालत कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गोपी शंकर श्रीवास्तव के पुत्र निलय मिताश शंकर जो बचपन से ही होनहार छात्र रहे है तथा वर्तमान में असिस्टेंट मैनेजर इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड के पद पर कार्य कर रहे हैं इन्होंने सन 2010 से 2017 तक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ,बैंक ऑफ इंडिया, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई के द्वारा आयोजित प्रत्येक परीक्षाओं में सफलता प्राप्त किया जिस कारण इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के चीफ एडिटर डॉ विश्वरूप राय चौधरी ने इनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल किया और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है यह रिकॉर्ड भारतीय बैंकों में सबसे अधिक नौकरी का ऑफर प्राप्त करने के लिए प्रदान किया गया है।

# बोलेरो की चपेट में आने से हॉकर घायल : हालत गंभीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर अहिरौली गांव के सामने सोमवार प्रातः बोलैरो असंतुलित हो पलट गई जिसके चपेट में आने से हॉकर गंभीर रूप से घायल हो गया ।इलाज के लिए सीएचसी डोभी ले जाया गया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। क्षेत्र के हरदासीपुर गांव निवासी हॉकर जोखन सिंह (65) अल सुबह अखबार बाटने के लिए निकले थे ।अहिरौली गांव के सामने पहुंचे थे कि वाराणसी जा रही बोलैरो असंतुलित हो पलट गई जिसके चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए ।एम्बुलेंस से सीएचसी डोभी ले जाया गया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

# उसरौली शहाबुद्दीनपुर गाँव के कुएं में गिरे गोवंश को ग्रामीणों ने बचाया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उसरौली शहाबुद्दीनपुर गाँव में सोमवार की भोर विनोद यादव के घर के सामने पुराने कुआं में अचानक एक गोवंश गिर गया। कुआं सूखा होने की वजह से तलहटी में खर पतवार जमा था। जिससे 35 फिट नीचे गिरने के बाद भी गोवंश सुरक्षित बचा रहा। मौके पर जुटे ग्रामीण कुआं में पानी कर बांस बल्ली व रस्सी के सहारे उसे बाहर निकाल दिया।

# जेसीआई चेतना का शपथ ग्रहण संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जेसीआई जौनपुर चेतना का शपथ ग्रहण समारोह शहर के एक प्रतिष्ठित लॉन में संपन्न हुआ जिसमें 2022 की अध्यक्ष अभिलाषा श्रीवास्तव ने नव चयनित 2023 की अध्यक्ष सोनी जायसवाल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई सर्वप्रथम जेसीआई आस्था पाठ सचिव मीरा अग्रहरि ने पढ़ा तत्पश्चात मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश वाणी रंजन अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि डॉ वी.एस. उपाध्याय विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्षध्व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के साथ संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करते हुए कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया संस्था के सदस्यों ने अतिथियों का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया 2022 अध्यक्ष अभिलाषा श्रीवास्तव ने अध्यक्षीय प्रतिवेदन पढ़ते हुए 2022 वर्ष में हुए कार्यक्रमों के सभी संयोजक को अवार्ड देकर पुरस्कृत किया तथा सभी पूर्व अध्यक्ष मेघना रस्तोगी, नीतू गुप्ता,कल्पना केसरवानी,मधुरानी गुप्ता रीता कश्यप, और चारू शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट किया,नव चयनित अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधान में चेतना को सभी सदस्यों के सहयोग से एक नए मुकाम तक ले जाने की बात कही और 2023 की अपनी कार्यकारिणी सचिव मीरा अग्रहरि कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी के साथ विभा गुप्ता, इंदिरा जायसवाल, रजनी साहू, रिचा गुप्ता, मंजू जायसवाल, शालिनी सिंह, चेतना साहू,अंजू पाठक, जूही वर्मा,संगीता सेठ,मीना गुप्ता, रिंकी जायसवाल,रेनू बैंकर, अलका उपाध्याय,किरण सेठ,ममता गुप्ता,सुधा बैंकर,ममता केसरवानी,शिल्पी जायसवाल,मीनू बरनवाल शारदा गुप्ता,अंजू जायसवाल,सोना बैंकर, अनीता गुप्ता,यशिका गुप्ता,यशी गुप्ता को शपथ दिलाई, इस वर्ष चेतना परिवार में आए नए सदस्यों को विशिष्ट अतिथि राधेरमण जायसवाल ने डॉ.शिल्पी, डॉ. आकांक्षा द्विवेदी,देवेंद्र कौर,वंशिका सिंह,चारु टंडन,रजनीश



कौर,ज्योति श्रीवास्तव, सृष्टि केसरवानी,ज्ञानेश्वरी गुप्ता,अर्चना सेठ, रविंदर कौर को शपथ दिलाया मुख्य अतिथि का जीवन परिचय रिंकी जायसवाल ने पढ़ा मुख्य अतिथि वाणी रंजन अग्रवाल ने संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिलाएं आज के समय कहीं भी पीछे नहीं है जेसीआई चेतना के कार्यों से यह सिद्ध होता कि आज के युग की महिला हर क्षेत्र में अपने आप को स्थापित कर रही हैं संस्था को मेरी जहां भी आवश्यकता होगी मैं उपस्थित रहूंगी,मुख्य अतिथि के शुभ हाथों से लकी मेंबर का सम्मान रजनी साहू,सुधा बैंकर और सोना बैंकर को प्राप्त हुआ का अध्यक्ष सचिव और संयोजक अलका उपाध्याय रेनू बैंकर,मंजू जायसवाल ने संयुक्त रूप से मुख्य और विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी ने महत्वपूर्ण सदस्यों को गिफ्ट भेंट किया,कार्यक्रम में दीप्ति रिजवान,सरिता बैंकर,संजना,गौरव सेठ,विशाल गुप्ता धर्मेंद्र सेठ,दिलीप सिंह,संदीप पांडे,शिवम सिंह,ममता उपाध्याय,ज्योति कपूर, उर्वशी सिंह,हेमा श्रीवास्तव,अर्चना सिंह,संगीता गुप्ता उपस्थित रही कार्यक्रम का सुंदर संचालन डॉली गुप्ता शालिनी सिंह एवं जयंती श्रीवास्तव ने किया अतिथियों का आभार संयोजक मंजू जायसवाल ने व्यक्त किया !

# सहकार भारती जौनपुर के तत्वाधान में रविवार को 45वें स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सहकार भारती जौनपुर के तत्वाधान में रविवार को 45वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर सम्मान समारोह कार्यक्रम जिलाध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुरली पाल जी प्रांत कार्यवाह काशी प्रांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विशिष्ट अतिथि डॉ अरुण कुमार सिंह प्रदेश संगठन प्रमुख सहकार भारती उत्तर प्रदेश एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा सहकार भारती के संस्थापक श्रद्धेय लक्ष्मण राव इनामदार व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि मुरली पाल ने कहा कि समाज के सभी लोगों को सहकारिता के क्षेत्र में आगे आने की जरूरत है। जो कार्य आज सहकार भारती कर रही है, वह काफी महत्वपूर्ण है। हमें सभी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए सहकारिता को संस्कार आधारित करना ही होगा। पारिवारिक भावना का विस्तार करते हुए पूरा समाज अपना परिवार है, इस भावना से कार्य करना होगा यही सहकारिता है। हमें सहकारी शब्द को पुनः स्थापित करना है इस संकल्प को लेकर चलना होगा। सहकार का कार्य समर्पण भाव से करना है। निरंतर करना है, इस भाव से चलते रहना है। कार्य की पहचान बनानी है। सहकारिता का कार्य अकेले नहीं हो सकता, इस कार्य को मिलजुल कर परस्पर सहयोग से करना है। सहकार भारती की यह विशेषता है कि हम कार्य को अकेले नही समूह में करते हैं और समूह तभी स्वस्थ होता है जब उसमें परस्पर विश्वास होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री मुरली पाल जी ने कहा कि आज सहकार भारती ने स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने में लगे जौनपुर के विभिन्न सामाजिक,आर्थिक एवं धार्मिक संस्थाओं को एक साथ लेकर कार्यक्रम किया । यह बहुत ही सराहनीय है। इससे इस क्षेत्र में कार्य करने वालों का उत्साहवर्धन होगा । विशिष्ट अतिथि डा अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सहकारिता अपने उद्देश्य से भटक रही है, सहकारी संस्थाओ मे गिरावट आ रही है जिसके कारण लक्ष्य की परती सम्भव नही हो सकता है। ईसी को दृष्टिगत रखते हुए सहकारी क्षेत्र मे शुद्धि, बुद्धि और स्मृद्धी लाने के लिये स्वर्गीय लक्ष्मण राव ईनामदार जी ने सहकार भारती की स्थापना 11 जनवरी 1979 को की।




सहकार भारती का आज देश के 29 प्रदेशों और 700 जनपदों मे संगठनात्मक रुप से कार्यरत है। मुख्य अतिथि द्वारा सहकारिता के क्षेत्र मे, समाजिक, धार्मिक क्षेत्र मे अपना अतुलनीय योगदान देने वाले लगभग 55 व्यक्तियों /संस्थाओं को प्रतीक चिन्ह देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे स्वागत उद्बोधन जिला संगठन प्रमुख विवेक सिंह ने किया। जनपद के सहकारिता क्षेत्र के मर्मज्ञ राम समुझ जी, जो कई बार जिला सहकारी बैंक जौनपुर के चेयरमैन रहे उन्होंने भी कार्यक्रम में अपने संबोधन में सहकारी समितियों में वर्तमान में आई गिरावट की ओर इंगित करते हुए आवाहन किया की सहकारिता आम जन की सहभागिता से संचालित होनी चाहिए इसमें राजनैतिक और प्रशासनिक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। इसका संचालन जनता द्वारा हो तथा इसका प्रबंध पेशेवर सहकारी बंधुओं द्वारा होगी तभी समाज का उत्थान करने में सफल होगी ।उन्होंने आशा व्यक्त की की सहकार भारती जो कार्य कर रही है वह सराहनीय है। सहकारिता में सुधार होगा और सहकारिता जन आंदोलन बनेगी ऐसा विश्वास हो रहा है। सुभाष कुशवाहा ने सहकारिता ही नही बल्कि सभी क्षेत्रों में व्याप्त भ्रष्टाचार का उल्लेख करते हुए इसे दूर कर कैसे समाज का भला किया जाए इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। सुभाष सिंह प्रधानाचार्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सुरेन्द्र जायसवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनन्त कुमार मिश्र प्रदेश सह संपर्क प्रमुख, विश्वनाथ दूबे सह विभाग संयोजक काशी विभाग, डा सत्यदेव सिंह पूर्व उपाध्यक्ष सहकारी बैंक, श्रीमती प्रीति गुप्ता , महिला प्रमुख जौनपुर, विवेक कुमार सिंह, जिला संगठन प्रमुख, राजेश सिंह उपाध्यक्ष, राम सिंह मौर्य, अध्यक्ष केंद्रीय उपभोक्ता भंडार, दीपक सिंह अध्यक्ष क्रय–विक्रय, कैलाश सिंह, सचिव DCF सहित विभिन्न सहकारी समितियों के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता नीरज सिंह, आशीष गुप्ता, बृह्मेश शुक्ला, भूपेन्द्र सिंह, ज्योतिशाचर्य रजनीकांत दिवेदी, विमल सिंह,सह संगठन प्रमुख रजनी सिंह, सह महिला प्रमुख द्वय अर्चना सिंह, रजनी साहू अन्य गणमान्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अन्त में राष्ट्र गान के बाद कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की गई।

# तीन दिवसीय श्रंगार महोत्सव के प्रथम दिन हजारों श्रद्धालओ ने टेका मत्था : जिलाधिकारी ने भी नवाया शीश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शीतला चौकियां धाम में त्रिदिवसीय श्रृंगार महोत्सव के पहले दिन सोमवर को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा समेत हजारों भक्तो ने मत्था टेका ।प्रातः काल साढ़े पांच बजे मन्दिर के कपाट खुलने के पश्चात माता शीतला रानी का आरती पूजन किया गया ।तत्पश्चात दर्शन पूजन का क्रम शुरु हुआ ।मां का भव्य शृंगार देख भक्त भाव विभोर हो गए ।हवन पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण तथा मां के जय जयकारों से पूरा धाम गुंजायमान होता रहा ।आचार्य अजय मिश्रा,मुख्य यजमान सुधीर दत्त तिवारी समेत अनेक वेदपाठी ब्राम्हण के तत्वाधान में दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन पूजन किया जाता रहा। दर्शनार्थी बारी बारी से कतार में खड़े होकर दर्शन पूजन करते रहे ।काल भैरव नाथ मन्दिर ,काली मन्दिर, हनुमान मंदिर को आकर्षण रूप से सजाया गया है। युवा शीतला समिति के द्वारा प्रवेश द्वार पर दर्शनार्थियों में प्रसाद वितरण होता रहा। मंदिर प्रबंधक अजय कुमार पंडा द्वारा दर्शनार्थियो के लिए दर्शन पुजन की उचित प्रबंध किया गया है।

# प्रतिबंध लगने के बावजूद तीन पहिया व चार पहिया वाहनों का आवाजाही जारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या –अम्बेडकरनगर सम्पर्क मार्ग पर फतेहगंज रेलवे क्रासिंग के समीप बन रही ओवर ब्रिज के चलते इस समय उधर से आने जाने वाले तीन पहिया व चार पहिया वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है।ऐसा इसलिए किया गया है इससे जहां एक ओर ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य में कोई अवरोध न उत्पन्न हो और वही इसी कड़ी में यहां पर कोई जाम न होने पाये। इसके लिए सेतु निर्माण निगम व पुलिस विभाग द्वारा फतेहगंज रेलवे क्रासिंग से पहले दोनों ओर बेरिकेडिंग किया गया है।परंतु यहां पर तैनात कर्मियों के रहमो करम से बेहिचक तीन पहिया व चार पहिया वाहनों के साथ साथ ठैलो आदि का आवाजाही बना हुआ है। जिसके चलते इस जगह पर घंटों जाम लगा रहता है। यहां पर उस समय गंभीर स्थित दिखाई देती है जब उस समय किसी ट्रेन के गुजरने के चलते रेलवे क्रासिंग बंद होने पर यहां पर घंटों जाम लगा रहता है। इस जाम में सबसे अधिक परेशानी छात्र छात्राओं, एंबुलेंस में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों,दो पहिया वाहन चालकों को होती है।जबकि अगर देखा जाए तो इस समय यहां पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य होने के चलते ई रिक्शा, टैक्सी, टैम्पो,कार,ठेला आदि पूर्व रुप प्रतिबंधित है। परंतु इसके



बावजूद ये वाहन इधर से आसानी से फर्राटा भरते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं।इस संबंध में जब वहां पर तैनात कर्मियों से पूछा गया कि इधर से ये वाहन कितने बजे से कितने बजे तक प्रतिबंधित है तो उन्होंने बताया कि सुबह आठ बजे से रात नौ बजे तक इन वाहनों को इधर से गुजरने के लिए प्रतिबंधित किया गया है।इस पर जब दोपहर दो बजे इधर से बेधड़क गुजरने वाले चार पहिया वाहनों के आने का कारण पूछा गया तो वे कोई जवाब नहीं दे सके। कुल मिलाकर बेरिकेडिंग होने के बावजूद भी इधर से तीन पहिया व चार पहिया वाहनों के साथ साथ ठैलो को बेहिचक गुजरते हुए देखा जा सकता है। जिसके चलते इस समय वहां पर हो रहे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य के बीच में इधर उधर तीन पहिया व चार पहिया वाहनों के गुजरने से जाम लगना स्वाभाविक है।

# पीड़ित परीक्षार्थी ने लगाया रेलवे भर्ती बोर्ड नई दिल्ली के अधिकारियों व कर्मियों पर गंभीर आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रेलवे भर्ती बोर्ड नई दिल्ली द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक 20 जनवरी 2023 को रेलवे भर्ती बोर्ड ग्रुप डी में पीटी फिजिकल टेस्ट देने गये परीक्षार्थी सतीश कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी जाना बाजार पोस्ट खपराडीह जिला अयोध्या ने इस परीक्षा को सम्पन्न कराने वाले बोर्ड में शामिल अधिकारियों व सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाया है।परीक्षार्थी सतीश कुमार ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक 20 जनवरी 2023 को हजारो की संख्या में चारबाग लखनऊ में रेलवे भर्ती बोर्ड नई दिल्ली ग्रुप डी वर्ष 2019 की पीटी परीक्षा दोपहर 1:00 बजे पीटी फिजिकल टेस्ट के पहुंचे थे।।जिसके लिए वहां पर आए हुए सभी परीक्षार्थियों को 1:00 बजे रिपोर्टिंग का समय रेलवे बोर्ड द्वारा दिया गया था।परंतु पीड़ित सतीश कुमार ने बताया कि यहां पर रेलवे बोर्ड की पीटी फिजिकल टेस्ट परीक्षा सम्पन्न कराने में शामिल बोर्ड के अधिकारियों व सदस्यों की लापरवाही के चलते यह परीक्षा करीब शाम 5:30 से प्रारंभ हुई। वहां पर परीक्षा प्रारंभ होने के बीच बारिश शुरू हो गई। जिसके चलते वहां पर मौजूद पीटी परीक्षा देने आए हजारों परीक्षार्थी इस बारिश में परीक्षा देने से मना कर दिया था क्योंकि बारिश होने के चलते वहां पर अव्यवस्था का आलम ऐसा दिखा कि परीक्षार्थियों के मुताबिक जिधर से परीक्षा संचालित होनी थी वहां



पर पानी भर गया था।जिसके चलते वहां पर फिसलन भी हो गई थी।जिसके चलते इन परीक्षार्थियों ने परीक्षा देने से मना कर दिया।परंतु इसके बावजूद वहां पर इस भर्ती से संबंधित अधिकारी व सदस्यों ने उन पर परीक्षा देने के लिये दबाव डाला और इस दबाव में आकर इस भारी बारिश में यहां पर आए परीक्षार्थियों को मजबूरी में परीक्षा देना पड़ा।इस बारिश के चलते व अव्यवस्था के चलते इस भर्ती बोर्ड में हजारों परीक्षार्थी को असफलता ही हाथ लगी। जिसके चलते इन परीक्षार्थियों का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है।

# अप्रैल–मई तक कराएंगे निकाय चुनाव विधायक सांसद रखें तैयारी –सीएम

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार आगामी अप्रैल–मई तक हर हाल में निकाय चुनाव कराएगी। विधायक और सांसद निकाय चुनाव की



तैयारी में जुट जाएं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित मेरठ, वाराणसी और प्रयागराज मंडल के भाजपा सांसदों और विधायकों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने विधायक और सांसदों को आपसी सहयोग, समन्वय और संपर्क से लोकसभा चुनाव में सभी सीटें जीतने का मंत्र भी दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निकाय चुनाव के लिए गठित ओबीसी आयोग की रिपोर्ट निर्धारित समय पर आएगी। उसके बाद सरकार अप्रैल–मई में चुनाव कराएगी।

# ट्रैफिक लाइट व यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे वाहन चालक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डीआईजी/एसएसपी मुनिराज का ट्रैफिक प्लान शहर के विभिन्न चौराहों पर नहीं दिखाई दे रहा है।इसका जीता जागता उदाहरण कोतवाली नगर क्षेत्र के उन सभी चौराहों पर देखा जा सकता है जहां पर ट्रैफिक लाइट लगी है।मालूम हो कि आज से डेढ़ माह पूर्व डीआईजी/एसएसपी मुनिराज ने जब अयोध



या जिले में कार्यभार संभाला तो इनकी प्रथम प्राथमिकता शहर वासियों को जाम से निजात दिलाना था।जिसके चलते उन्होंने कोतवाली नगर, थाना कैंट व कोतवाली अयोध्या के साथ साथ थाना राम जन्मभूमि क्षेत्र में आने वाले अधिकतर चौराहों पर लगे ट्रैफिक लाइट को चालू कर ई चालान प्रकिया चालू कराया।बीच बीच में ध्वनि विस्तारक यंत्रों से यातायात नियम की जानकारी भी वाहन चालकों को दिया जाने लगा। परंतु इसके बावजूद भी यातायात व्यवस्था की समस्या ज्यों की त्यों उसी तरह बनी हुई है।न किसी वाहन चालकों को ट्रैफिक लाइट के जलने बुझने से मतलब है और ना ही यातायात नियमों के पालन करने की। यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए इन चौराहो पर वाहन चालक आसानी से देखे जा सकते हैं।जो दाये बाये जिधर रास्ता दिखा उधर से वाहन लेते निकल रहे हैं। परंतु इस गंभीर समस्या पर इससे संबंधित विभाग के कर्मियों का ध्यान नहीं जा रहा है।अब देखना यह है इस गंभीर समस्या पर डीआईजी/एसएसपी मुनिराज व इससे संबंधित विभाग के अधिकारियों की नजर कब पड़ती है।

# एआरटीओ प्रवर्तन ने यातायात नियमों की अनदेखी करने चालकों पर कसा शिकंजा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) एआरटीओ विभाग द्वारा मनाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस विभाग के समन्वय से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर बाइक ट्रिपलिंग, प्रेशर हॉर्न, हूटर, नो पार्किंग के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। वही इसी कड़ी में एआरटीओ प्रवर्तन प्रवीण कुमार सिंह ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि परिवहन विभाग द्वारा वर्षभर चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान की कार्रवाई की जाती है। सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य है कि यातायात नियमों के प्रति आम जनमानस को प्रेरित किया जाए। केवल चेकिंग कर जुर्माना वसूलना विभाग का लक्ष्य नहीं है, विभाग की मंशा सड़क हादसों को न्यूनतम स्तर तक ले जाने का है । उन्होंने कहा कि हो रहे सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या में युवा शामिल है ,जोकि अत्यंत चिंता का विषय है। उन्होंने वाहन चालकों को जानकारी देते हुए कहा कि नशा नींद तेज रफ्तार सड़क हादसों के प्रमुख कारण हैं, बाइक पर ट्रिपलिंग न करें इससे चालक का नियंत्रण नहीं रहता हेलमेट सीट बेल्ट के नियमित प्रयोग से सड़क हादसों में मृतकों की संख्या को कम किया जा सकता है । दोपहिया वाहनों के सड़क हादसों में मौत का बड़ा कारण हेड इंजरी है जिसे हेलमेट लगाकर रोका जा सकता है। हेलमेट सुरक्षा का वो ताज है जो सिर को सुरक्षित रखता है। अभियान के दौरान यातायात चिन्ह युक्त पंपलेट भी बांटे गए।इस अभियान में प्रभारी एआरटीओ प्रवर्तन संदीप चौधरी, यात्री कर अधिकारी खुर्शीद ,राम सिंह, दुर्गेश सिंह, बाल गोविंद उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर जनवादी लेखक संघ द्वारा आयोजित की गई परिचर्चा व काव्यगोष्ठी कार्यक्रम

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आजादी की लड़ाई के योद्धा और आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर जनवादी लेखक संघ द्वारा एक परिचर्चा एवं काव्यगोष्ठी का आयोजन जनमोर्चा सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध लेखक एवं विचारक आर. डी. आनन्द ने की। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में उन्होंने कहा कि नेताजी का व्यक्तित्व और क्रांतिकारी चेतना अनुकरणीय हैं और विशेषकर युवाओं को उनसे अवश्य प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और वरिष्ठ पत्रकार कृष्णप्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में जनपक्षधरता के प्रति मुखर लोगों की संख्या दिनोंदिन कम होती जा रही है। साहित्य हमेशा से हाशिए के लोगों की आवाज रहा है और कवि–लेखकों को इस मुश्किल समय में प्रतिरोध की संस्कृति को बनाये रखना होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट कवि के रूप में उपस्थित आशाराम जागरथ ने अपनी चर्चित अवधी काव्यकृति 'पाहीमाफी' के अंश सुनाए, जिसमें 'तनहा नीम के पेड़' के प्रतीक के माध्यम से विस्थापन की त्रासदी को उन्होंने अभिव्यक्त किया है। आर.डी. आनन्द ने भी क्रांतिकारी गीत 'बढ़े चलो' का ओजस्वी पाठ किया। युवा कवि प्रदीप कुमार सिंह ने अपनी कविता 'माहौल' में कहा कि 'उसने हत्या का नया तरीका ईजाद किया है, अब वह सीधे–सीधे हत्या का आदेश नहीं देता'। युवा कवयित्री कंचन जायसवाल ने अपनी 'स्थगन' शीर्षक कविता में कहा 'इंतजार प्रेम का स्थगन ही है'। नीरज सिन्हा 'नीर' की पंक्तियां थीं कि 'जब मैं संसद गया तो लगा कि यहाँ साँप ही साँप हैं। ऊष्मा 'सजल' की पंक्तियाँ थीं कि 'गुलों के नाम पर उजड़ा चमन' तो सुनीता पाठक की रचना लाखो लोग जनम लेले पर दूसरा बोस




नही होगा। रमण सिंह ने कहा कि 'अपने बच्चों के लिए सदा दामन को फैलाती है माँ'। वरिष्ठ उर्दू शायर सलाम जाफरी ने कलाम पढ़ा कि 'कल क्या था आज है क्या हाल तुम्हारा सलाम'। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मशहूर शायर मुजम्मिल फिदा ने कहा कि 'लिखना था जहाँ सुबह वहाँ शाम लिख दिया। कविगोष्ठी में शायर वाहिद अली वाहिद, जयप्रकाश श्रीवास्तव, सुनीता पाठक सहित अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। संघ के सदस्य एवं कार्यक्रम संयोजन सत्यभान सिंह जनवादी ने बताया कि इस अवसर पर जनवादी लेखक संघ के संगठन विस्तार पर भी चर्चा की गयी और कवयित्री कंचन जायसवाल, कवि–लेखक अखिलेश सिंह, राधेरमण सिंह एवं जयप्रकाश श्रीवास्तव द्वारा सदस्यता ग्रहण की गयी। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील विचारधारा के कवि–लेखकों का संगठन में स्वागत है और साहित्यिक सक्रियता की यह यात्रा निरंतर चलती रहेगी। जनौस के अध्यक्ष धीरज द्विवेदी ने कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग किया। इस परिचर्चा गोष्ठी में कमलेश सिंह यादव, आफाक उल्लाह, इरशाद अहमद, शिवधर द्विवेदी ,कॉम राम दुलारे यादव,मीना,वाहिद अली,महावीर पाल,शिवकुमार तिवारी,सहित बड़ी संख्या में लेखक, कलाकार एवं संस्कृतिकर्मी उपस्थित रहे।

# माघ मेला सम्पन्न होने पर मेला प्रभारी एसएसपी डाक्टर मिश्र की अध्यक्षता में डी –ब्रीफिंग गोष्ठी का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) माघ मेला मीडिया सेल के मुताबिक रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में महास्नान पर्व पर उमड़े जन सैलाब को नियंत्रित करने और मौनी अमावस्या के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न होने पर एसएसपी माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र की अध्यक्षता में डी–ब्रीफिंग गोष्ठी आयोजित की गयी।इस दौरान मुख्य स्नान पर्व पर ड्यूटी के दौरान तैयारियों के सम्बन्ध में समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी/अन्य शाखा प्रभारी से वार्ता की गई तथा अनुभव साझा किये गये एवं 'प्रतिपुष्टि' का आकलन करते हुए आगामी स्नान पर्व पर उक्त तैयारियों को अच्छे से सुधारा जा सके। इस मौके पर एसएसपी माघ मेला ने उक्त तैयारियों के संम्बन्ध में वार्ता करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए निर्देशित किया गया।महास्नान पर्व मौनी अमावस्या के सकुशल




सम्पन्न होने पर एसएसपी माघ मेला द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारी गण को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया गया।इस अवसर एसपी माघ मेला आदित्य कुमार शुक्ल व सभी एएसपी माघ मेला एवं समस्त सीओ,थाना प्रभारी/अन्य शाखा प्रभारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# धारा 304 का वारंटी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज क्षेत्र के अर्गूपुर खुर्द गांव निवासी युवक को कोतवाली पुलिस ने न्यायालय में चल रहे मुकदमे में हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर सोमवार की घर से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी अनिरुद्ध पुत्र बासुदेव का न्यायालय में मुकदमा अपराध संख्या 184/2014 में धारा 304 से संबंधित मुकदमा चल रहा है। मुकदमे में हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर उपनिरीक्षक प्रभुनाथ यादव ने सोमवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

# हिंदू महासभा ने स्वामी प्रसाद की अर्थी निकाली : जीभ काट कर लाने वाले के लिए इनाम का एलान

आगरा ब्यूरो : आगरा में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरितमानस को लेकर दिए गए विवादित बयान पर हिंदू महासभा में आक्रोश है। सोमवार को अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने रामबाग पर स्वामी प्रसाद मौर्य की अर्थी निकाली। यही नहीं उन्होंने मौर्य की जीभ काट कर लाने वाले को 51 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। यहीं नहीं अर्थी पर मौर्य की फोटो रखकर पदयात्रा निकाली। कहा कि जो धर्म के साथ खेलेगा उसके साथ अखिल भारत हिंदू महासभा ऐसा ही व्यवहार करेगी। इसके बाद अर्थी को यमुना में प्रवाहित किया। ज्ञात हो कि बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर के विवाद के बीच स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरितमानस को लेकर विवादित बयान दिया था। इस पर अखिल भारत हिंदू महासभा ने अपना कड़ा विरोध जताया है। महासभा के जिला प्रभारी सौरभ शर्मा ने घोषणा करते हुए कहा कि जो भी मौर्य की जीभ काट कर लाएगा उसको उनकी तरफ से 51 हजार रुपए का चेक दिया जाएगा। पुतले का यमुना नदी में दाह संस्कार किया महासभा के कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य की अर्थी निकाली। इसके बाद रामबाग से निकलकर उनका पुतला यमुना नदी फेंका। राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय जाट ने कहा कि इस तरीके से रामचरितमानस का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय जाट ने कहा कि एक धर्म विशेष



पर टिप्पणी करने पर राजस्थान के उदयपुर पर गर्दन काट ली जाती है। वहीं यूपी में स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस पर अभद्र टिप्पणी की है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। .यदि कभी वह आगरा आते हैं तो जैसे आज उसकी अर्थी यमुना में फेंकी जा रही है, उसे भी फेंका जाएगा। हिंदू महासभा के जिला प्रभारी सौरभ शर्मा ने कहा कि जो भी साहसी व्यक्ति स्वामी प्रसाद मौर्य की जीभ काटेगा उसे मेरी तरफ से 51 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। कहा कि किसी भी कीमत पर श्रीरामचरित मानस का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# छात्रों के विवाद में घर पर चढ़कर ताबड़तोड़ बमबाजी–फायरिंग : दहल उठा कटरा

प्रयागराज ब्यूरो : ब्वॉयज हाईस्कूल के 12वीं के छात्रों के बीच हुए विवाद में रविवार रात कटरा दहल उठा। चार कार व पांच मोटरसाइकिलों से आए 35–40 हमलावरों ने कटरा में रहने वाले छात्र तौकीर के घर पर चढ़कर बमबाजी व फायरिंग की। इसमें तीन छात्र जख्मी हुए हैं। आरोप बेली निवासी सपा नेता व उसके करीबियों पर है। हालांकि देर रात तक तहरीर नहीं दी गई थी। कटरा में जीजीआईसी के पास रहने वाला इरशाद ठेकेदारी करता है। उसका बेटा बीएचएस में 12वीं का छात्र है। रविवार शाम को तौकीर व उसकी कक्षा छात्राओं की ओर से सिविल लाइंस स्थित होटल मिलेनियम इन में फेयरवेल पार्टी रखी गई थी। यहां मोस्ट पॉपुलर और गॉडफॉदर जैसे अवार्ड भी रखे गए थे। इसमें से गॉडफादर अवार्ड तौकीर को मिला जिसका बेली निवासी 12वीं कक्षा के ही एक अन्य छात्र ने विरोध किया। जिसे लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि बेली निवासी छात्र ने इसकी सूचना अपने सपा नेता मामा को दी, तो वह अपने समर्थकों संग पहुंच गया और विवाद करने लगा। इस दौरान होटल के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बाहर निकालकर विवाद शांत करा दिया। रात करीब नौ बजे पार्टी खत्म होने के बाद तौकीर अपने तीन साथियों के साथ घर पहुंचा। आरोप है कि इस दौरान वहां पहले से घात लगाकर बैठे सपा नेता और उसके साथ आए 35–40 अन्य युवकों ने उन पर हमला बोल दिया। उन्हें लात–घूंसों से पीटने लगे। वह जान बचाकर भागे तो बम व गोलियां चलाने लगे। घर पर भी बम चलाए और ताबड़तोड़ फायरिंग की। इससे



इलाके में दहशत फैल गई। चीखपुकार मची तो मोहल्ले के लोग दौड़े, जिस पर हमलावर असलहा लहराते हुए भाग निकले। सूचना पर कर्नलगंज थाने की पुलिस पहुंच गई। जांच पड़ताल में पता चला कि हमले में तौकीर व उसके दो साथी अयान व विनायक यादव जख्मी हो गए। पूछताछ में उन्होंने पुलिस को बताया कि हमलावरों ने घर में घुसकर महिलाओं से भी अभद्रता की। बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा, जबकि तौकीर के पिता इरशाद अन्य लोगों संग थाने पहुंच गए। हालांकि देर रात तक उनकी ओर से कोई तहरीर नहीं मिली थी। इंस्पेक्टर राममोहन राय का कहना है कि घरवालों ने कहा है कि तहरीर सुबह देंगे। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।